कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस।

विज्ञप्ति

दिनाँक–मई 13, 2019

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस द्वारा संचालित ए0डी0आर0 केन्द्र, हाथरस में सृजित तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) के 02 पदों पर मासिक पारिश्रमिक 9000/–रूपये की दर से संविदा के आधार पर लघु अवधि के लिये नियुक्ति की जानी है।

उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थीगण से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अधिक जानकारी व नियत आवेदन प्रारूप हेतु जनपद न्यायालय, हाथरस की बेवसाईट www.district court hathras.gov.in अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय हाथरस के नोटिस बोर्ड पर देंखें।

पात्रता–

01. आवेदक कम से कम इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण हो।
02. आवेदक आवेदन करने की तिथि को DOEACC सोसाइटी द्वारा CCC प्रमाण पत्र प्राप्त हो।
03. आवेदक हिन्दी भाषा में कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट अथवा अंग्रेजी भाषा में कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट कम्प्यूटर पर टाईप करने की योग्यता रखते हो। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में टाईप व आशुलेखन का ज्ञान हो को वरीयता दी जायेगी।
04. आवेदक की आयु दिनांक 01.05.2019 को 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य हो।
05. ऐसे व्यक्ति आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगें, जिनके विरूद्ध कोई आपराधिक वाद/जॉच लम्बित हो अथवा किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया हो।

आवेदन प्राप्ति का अन्तिम दिनांक–

आवेदक अपना आवेदन नियत प्रारूप पर सुस्पष्ट लेख में भर कर आवश्यक प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हाथरस–204101 में दिनांक 25.05.2019 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्य समय के अन्दर प्रस्तुत कर अपना पंजीयन करा सकते है।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने हेतु अपेक्षित प्रपत्र–

01. शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉं।
02. जन्मतिथि प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
03. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
04. निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
05. दो पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ (एक आवेदन में नियत स्थान पर लगाया जाना है, एंव एक आवेदन के साथ संलग्न किया जाना है।)

परीक्षा हेतु नियत स्थान व दिनांक–

पंजीकृत अभ्यर्थी परीक्षा हेतु दिनांक 02.06.2019 को प्रातः 10.30 बजे बीडियों कॉन्फ्रेसिंग कक्ष, जनपद न्यायालय, हाथरस में उपस्थित हों। परीक्षा स्थल पर आने जाने हेतु उपस्थित अभ्यर्थी को किसी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं होगा।

अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये समस्त प्रपत्रों की मूल प्रतियॉं परीक्षा के समय साथ लेकर उपस्थित हो।

दिनांक 13.05.2019

(रमेश चन्द्र)
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
हाथरस।

विज्ञप्ति की एक एक प्रति मय आवेदन प्रारूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस एवं नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय, हाथरस के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये। जनपद न्यायालय, हाथरस एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की बेवसाईट पर भी अपलोड की जाये तथा जिला सूचना अधिकारी, हाथरस के माध्यम से उक्त आशय की सूचना जनपद के समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायी जाये।

दिनांक 13.05.2019

13/5/19

(रमेश चन्द्र)
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
हाथरस।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस।

(ए0डी0आर0 केन्द्र)
कनिष्ठ लिपिक के पद पर नियत पारिश्रमिक पर संविदा के आधार पर लघु अवधि के लिये नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

आवेदक अपना नवीनतम् पासपोर्ट साईज फोटो लगायें।

1. अभ्यर्थी का नाम..
2. पिता/पति का नाम..
3. माता का नाम...
4. स्थायी पता..
5. वर्तमान पता..
6. मोबाईल नम्बर...
7. ई–मेल आई0डी0 यदि हो...
8. जन्म तिथि (अंकों में).........................(शब्दों में)...........................
   (दिनांक 01.05.2019 को आयु)
9. वर्ग...
10. लिंग (पुरूष/महिला/अन्य)...
11. वैवाहिक स्थिति (वैवाहिक/अवैवाहिक)...
12. शैक्षिक योग्यता(प्रमाण पत्र सहित)..
13. पूर्व में यदि किसी सेवा में रहे हो तो उसका विवरण...................................

उद्घोषणा

मैं उद्घोषित करता हूँ कि आवेदन में दिया गया समस्त विवरण मेरी जानकारी में सही व सच है, इसमें कोई बात छिपायी नहीं गयी है। मैने सभी नियम एवं शर्तो को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है, जो मुझे स्वीकार्य है। मैं यह भी प्रमाणित करता हूँ कि मेरे सेवाकाल के दौरान मेरा रिकार्ड अच्छा अच्छा रहा है। यदि किसी स्थिति में यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा उद्घोषित तथ्य गलत पाये जाते है तो बिना किसी अन्य कारण के संविदा निरस्त की जा सकती है

दिनांक...................................
स्थान....................................

आवेदक के हस्ताक्षर